डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 158 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 25 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया




## यूट्यूबरों से परेशान मंडी व्यापारी, सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनों कृषि उपज मंडी व्यापारी यूट्यूब चलाने वाले कुछ लोगो से परेशान है। इनके द्वारा पर्ची के साथ भाव सोशल मीडिया पर डाला जा रहा है। जिससे व्यापारियों व किसानो को नुकसान हो रहा है। इसको लेकर मंडी सचिव को दशपुर मंडी व्यापारी संघ ने ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि कुछ लोग यूट्यूब पर भाव पर्ची सहित अपलोड कर रहे हैं। जिससे व्यापारी की गोपनीयता खत्म हो रही है। इससे व्यापारियों को नुकसान भी हो रहा है। मंडी प्रबंधन को कई बार इस संबंध में अवगत भी कराया गया है। इन लोगों का मंडी में प्रवेश बंद करवाने की मांग व्यापारियों ने की। व्यापारियों ने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो नीलामी में भाग नहीं लिया जाएगा। व्यापारियों ने यह भी बताया कि इससे किसानों को भी नुकसान हो रहा है। उन्हें उपज के सही भाव नही मिल पा रहे है।

## ये यादव का स्वाभाविक शक्ति दर्शन है...

इसे एक सिरे से 'शक्ति प्रदर्शन' जैसा मामला नहीं कह सकते। वैसे तो बात राजनीतिक कौशल की हो तो अपनी ताकत का ऐसा दिखावा कतई अस्वाभाविक मामला नहीं होता है, लेकिन जब बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जैसे व्यक्ति की हो तो मामला कुछ अलग हो जाता है। यादव की फितरत में शक्ति प्रदर्शन जैसी बात आमतौर पर नजर नहीं आती। लिहाजा इसे शक्ति दर्शन वाली बात जरूर कह सकते हैं।


प्रकाश भटनागर

मुख्यमंत्री बनने के बाद से अब तक यादव ने कई ऐसे छोटे-बड़े कदम उठा लिए हैं, जो उनकी ताकत को दिखाने का बड़ा जरिया बन गए हैं। वरना यह आसान नहीं था कि विधानसभा सत्र के बीच कोई मुख्यमंत्री पुलिस जैसे महकमे में बड़े बदलाव लागू कर दे। सौरभ शर्मा कांड की गूंज के बीच लोकायुक्त संगठन के शीर्ष स्तर पर हुई कतर ब्योंत बताती है कि यादव मुख्यमंत्री का पद मिलने के बाद शक्ति एवं ठोस निर्णय के मामले में समुचित कद भी हासिल कर चुके हैं। फिर यह अपनी तरह का पहला मामला नहीं है। मऊगंज में पुलिस पर हमले और हत्या की वारदात निश्चित ही शांति के टापू के दामन पर बड़ा दाग है, लेकिन डॉ. यादव ने इसके बाद जिस तरह कलेक्टर और एसपी को हटाते हुए सिस्टम में सख्ती का संकेत दिया, वह उनके बदले रूप को दर्शाता है। भोपाल में बीते दिनों हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले-पहले मुख्यमंत्री ने जिस तरह एक ही रात में 12 कलेक्टर सहित 42 आईपीएस अफसरों के तबादले किये, वह भी इस दिशा में एक बड़े उदाहरण का ही संकेत है। ऐसा कर यादव ने दिखा दिया कि वो इस समिट जैसे सरकार और राज्य की प्रतिष्ठा से सीधे-सीधे जुड़े किसी आयोजन को लेकर तनिक भी ढील जैसी स्थिति को स्वीकारने के लिए तैयार नहीं रहेंगे।

मध्यप्रदेश में नौकरशाही पर लगाम न लगा पाना राज्य की कई सरकारों की कुंडली में किसी गलत ग्रह की तरह अंकित हो गया। यहां तक कि लगातार दो बार के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और इसी आंकड़े में उनसे आगे निकले शिवराज सिंह चौहान भी अफसरों की जमात के बिगडैल चेहरों पर पुख्ता तरीके से लगाम नहीं कस सके थे। डॉ. मोहन यादव ने पदभार संभालने के बाद से ही जिस तरह अफसरों के बेलगाम होने के अवसरों को नियंत्रित किया, वह लोकायुक्त संगठन में बड़े बदलाव से एक बार फिर साफ़ महसूस किया जा सकता है। यहां शक्ति से आशय यह नहीं कि कोई पद का लाभ उठाकर कुछ भी फैसले ले लें। कमलनाथ ने 15 महीने के मुख्यमंत्री रहते हुए दनादन ऐसे निर्णय लिए थे। आलम यह रहा था कि 'वक्त है बदलाव का' वाले नारे लगाते-लगाते नाथ की सरकार 'वक्त है लगातार तबादलों का' वाले मोड में आ गई। दनादन तबादला सूची निकलीं और पूरा प्रशासन हिल गया। लेकिन उस समस्या की जड़ न हिल सकी, जिसके निपटारे के लिए नाथ ने यह शक्ति दिखाई। अलबत्ता, डॉ. मोहन यादव ने तबादले और नियुक्ति की प्रक्रिया में कमोबेश हर मौके पर साहस के साथ ही उस सूझबूझ का भी परिचय दिया है,. जो उनकी इस शक्ति को उचित स्वरूप में इस्तेमाल करने की पुष्टिभी करता है।

फिर ताकत की बात आती है तो भाजपा विधायक चिंतामणि यादव को मिले कारण बताओ नोटिस की इबारत पढ़ लीजिए। मालवीय ने अपनी ही पार्टी की सरकार को विधानसभा में घेरने का जो दुस्साहस किया, उसका नतीजा यह कि उन्हें भले ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की तरफ से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हो, लेकिन उस नोटिस में इस बात का साफ जिक्र है कि इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निर्देश दिए हैं। यानी कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने भी डॉ. यादव को उस शक्ति से सुसज्जित कर दिया है, जो उन्हें असुविधा की स्थिति में डालने का प्रयास करने वालों को खबरदार करने का बड़ा प्रतीक है। यादव ने यह शक्ति अपने काम से हासिल की है और इसका हासिल यह भी कि वो शक्ति प्रदर्शन करने की कोशिश से परे रहकर भी शक्ति दर्शन के बड़े माध्यम बन गए हैं।

## सर प्लीज पास कर दो, मेरी शादी हो जाएगी..

### कॉपियों में शिक्षकों से लगा रहे गुहार

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस। सर, मैं आपकी बेटी जैसी हूं, बीमार होने से कॉपी में नहीं लिख पाई, प्लीज मुझे पास कर देना। इस बार गणित व अंग्रेजी का पेपर कठिन था, मुझे फैल मत करना, पासिंग नंबर दे देना...। माता-पिता की तबीयत अचानक से खराब हो गई थी, इसलिए पढ़ाई नहीं हुई, अच्छे नंबर दे देना। सर प्लीज मुझे फैल मत करना, पास कर दो, इससे मेरी शादी हो जाएगी..।**



इन दिनों माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं-12वीं परीक्षा की कॉपियां जांचते समय शिक्षकों को कुछ इस तरह के नोट्स भी कॉपियों में लिखे मिल रहे हैं। ये नोट्स विद्यार्थियों ने कॉपी के पहले अथवा आखिरी पन्ने पर लिखे हैं। कॉपियां जांच रहे शिक्षकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नोट्स में सबसे ज्यादा परिवार की निजी समस्या का तर्क देने के साथ ही शादी होने के लिए पास होना जरूरी बताते हुए विद्यार्थियों ने अच्छे नंबर देने की गुहार लगाई है। हालांकि शिक्षकों द्वारा कॉपी में विद्यार्थियो द्वारा प्रश्नों का सही उत्तर लिखने पर ही नंबर दिए जा रहे है।

### किसी का परिजन की बीमारी, किसी का शादी का बहाना...

कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कई विद्यार्थियों ने परीक्षा के दौरान माता-पिता और परिजन की बीमारी का तर्क दे रखा है। कुछ विद्यार्थियों ने खुद बीमार होने की बात लिखी है। कुछ विद्यार्थियों ने कठिन पेपर आने की वजह, किसी ने परिवार में गमी और कुछ विद्यार्थियों ने पास होने के बाद शादी होने की बात बताकर शिक्षकों से अच्छे नंबर देने की गुहार लगाई है।

### इस तरह के नोट्स से कोई फर्क नहीं पड़ता...

कॉपियां चैक करने वाले शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के नोट्स से उन्हें कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। विद्यार्थियों ने जितना और जैसा लिखा है, उस हिसाब से ही नंबर दिए जा रहे हैं।

### रामनवमी पर बन रहा खास संयोग...

## पूजा-पाठ करने से मिलेंगे कई लाभ

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शक्ति की भक्ति का पर्व चैत्र नवरात्र इस वर्ष 30 मार्च से 06 अप्रैल तक मनाया जाएगा। नवरात्र के अंतिम दिन, 06 अप्रैल को रामनवमी पर रवि पुष्य नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। जिससे इस दिन की गई पूजा, साधना और मंत्र जाप अत्यंत शुभ और फलदायी माने जा रहे हैं। पंडितों के अनुसार, यह दिन सभी कार्यों की सिद्धि के लिए श्रेष्ठ है।



### रामनवमी पर रवि पुष्य योग का संयोग...

06 अप्रैल को राम जन्मोत्सव के दिन रवि पुष्य योग पूरे दिन विद्यमान रहेगा। इस शुभ योग में किए गए पूजा-पाठ, हवन, दान-पुण्य और मंत्र जाप का विशेष फल प्राप्त होता है। रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम की विशेष पूजा करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। इससे पहले 05 अप्रैल को दुर्गा अष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। वहीं, 30 मार्च, 01 अप्रैल, 02 अप्रैल (लक्ष्मी पंचमी) और 04 अप्रैल को सर्वार्थसिद्धि योग का शुभ संयोग रहेगा। जिससे इन दिनों भी देवी उपासना विशेष फलदायी होगी।

### ऐसे मनेगा नववर्ष...

30 मार्च से नव संवत्सर विक्रम संवत 2082 का शुभारंभ होगा। इस दिन पूरे देश में हिंदू नववर्ष की शुरुआत उत्साह और उमंग के साथ की जाएगी। जिला मुख्यालय पर नववर्ष के स्वागत में आमजन के मस्तक पर तिलक लगाया जाएगा और उन्हें नीम, काली मिर्च व मिश्री का सेवन करवाया जाएगा।

### रामनवमी पर विशेष योग...

शास्त्रों के अनुसार, नवरात्र में माता की सवारी का विशेष महत्व होता है। इस वर्ष मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर पृथ्वी पर आ रही हैं और 07 अप्रैल को हाथी पर ही प्रस्थान करेंगी। हाथी को सुख, समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है, जिससे इस वर्ष अच्छी वर्षा और धन-धान्य की वृद्धि का योग बन रहा है। 30 मार्च को नवरात्र का शुभारंभ सर्वार्थसिद्धि योग में होगा, जिसमें इंद्र योग और रेवती नक्षत्र भी रहेगा। इस महापर्व के दौरान चार दिन रवियोग और तीन दिन सर्वार्थसिद्धि योग रहेगा।

## मंदसौर गोलीकांड पर सरकार को नोटिस जारी

### चार सप्ताह में मांगा जवाब, पूर्व विधायक की पिटीशन पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गोलीकांड की जांच के लिए बनाई गई जैन आयोग की रिपोर्ट को विधानसभा की पटल पर रखने की मांग को लेकर पूर्व विधायक पारस सकलेचा की पिटीशन पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने गोलीकांड पर 04 सप्ताह में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संदीप दास और जस्टिस विक्रम मेहता ने वरिष्ठ अभिभाषक विवेक तन्खा, सर्वम रितम खरे की बहस के बाद राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। सकलेचा ने उच्च न्यायालय में जांच कराने की अपील की थी। लेकिन, उसे खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ 08 जनवरी 2025 को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की। वरिष्ठ अभिभाषक विवेक तन्खा तथा सर्वम रीतम खरे के तर्क सुनने के बाद उच्चतम न्यायालय ने राज्य शासन को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।



06 जून 2017 को मंदसौर के पिपलिया मंडी में वही पारसनाथ चौपाटी पर आंदोलनरत किसानों पर पुलिस द्वारा गोली चलाई गई थी। घटना में 05 किसानों की मौत हो गई थी।

**सीबीआई जांच की मांग हुई थी खारिज**–पूर्व विधायक सकलेचा ने गोलीकांड की घटना की सीबीआई जांच तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की थी। सकलेचा ने उच्च न्यायालय इंदौर में पिटीशन क्रमांक 5861/2017 दिनांक 15 सितंबर 2017 दाखिल की। न्यायाधीश पीके जायसवाल तथा न्यायाधीश विरेंद्र सिंह ने शासन द्वारा जैन आयोग का गठन किए जाने पर पिटीशन को खारिज कर दिया।

**जैन आयोग की रिपोर्ट सदन में नहीं रखी गई**–गोलीकांड की जांच के लिए 12 जून 2017 को शासन ने जैन आयोग का गठन किया। आयोग ने अपनी रिपोर्ट 13 जून 2018 को राज्य शासन को पेश की थी। जैन आयोग की रिपोर्ट को 04 साल बाद भी विधानसभा के पटल पर नहीं रखे जाने पर सकलेचा ने उच्च न्यायालय इंदौर में 03 मई 2022 को पिटीशन क्रमांक 10626/2022 पेश की। उच्च न्यायालय से मांग की कि शासन को आदेश करें कि वह जैन आयोग की रिपोर्ट पर कार्रवाई कर उसे विधानसभा के पटल पर रखें। सकलेचा ने न्यायालय से कहा कि जांच आयोग अधिनियम 1952 की धारा 3(4) के तहत जांच आयोग की रिपोर्ट प्राप्त होने के 06 माह के अंदर उस पर कार्रवाई कर विधानसभा के पटल पर रखना शासन का दायित्व है।

**उच्चतम न्यायालय में लगाई याचिका**–उच्च न्यायालय इंदौर में न्यायाधीश विवेक रूसिया तथा न्यायाधीश बिनोद कुमार द्विवेदी ने 14 अक्टूबर 2024 को पारस सकलेचा की पिटीशन को खारिज कर दिया था। कहा कि घटना को 6-7 वर्ष हो जाने पर उसकी रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने का कोई आधार नजर नहीं आ रहा है। तब सकलेचा ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ 08 जनवरी 2025 को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की। वरिष्ठ अभिभाषक विवेक तन्खा तथा सर्वम रीतम खरे के तर्क सुनने के बाद उच्चतम न्यायालय ने राज्य शासन को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

## दशा सुधारने पूजी दशा माता

### महिलाओं ने पीपल पूजकर की सुख समृद्धि की कामना

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में सोमवार को सुख समृद्धि की कामना के लिए महिलाओ ने व्रत रखकर दशा माता की पूजा अर्चना की। बता दें कि बिगड़ी दशा सुधारने और कष्टों से मुक्ति के लिए दशामाता का व्रत कर पूजन किया जाता है। सोमवार को महिलाओं ने दशा माता का व्रत रखा घरों में आटे और मिट्टी से दशा माता की प्रतिमा बनाई। इसके बाद पीपल के वृक्ष की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की।



दशा माता का व्रत चैत्र माह की कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को रखा जाता है। दशा माता मां पार्वती का ही स्वरूप है। मान्यता है कि दशा माता की पूजा करने से जातक के घर परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है और सभी परेशानियां व कष्ट दूर हो जाते हैं। दशा माता पूजन के दिन त्रिवेणी वृक्षों यानी तीन वृक्षों पीपल, नीम, और बरगद की पूजा करने का विधान है। महिलाओं ने मंदिरों में शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना की। इस दौरान राजा नल-दमयंती की कथा सुनी। व्रत के नियमों का पालन करते हुए महिलाएं पीपल की छाल अपने घर ले गई।शहर और आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए पूरी श्रद्धा से पूजा की।

पंडितों के अनुसार इस दिन महिलाएं कच्चे सूत का 10 तार वाला डोरा जिसे वैर कहते है, लेकर उसमें 10 गांठ लगाती है और पीपल के पेड़ की पूजा करती है। धागे की पूजा करने के बाद पूजन स्थल पर नल दमयंती की कथा सुनती है। इसके बाद इस धागे को गले में बांधती है। पूजन के बाद महिलाएं घर पर हल्दी कुमकुम के छापे लगाती है। व्रत रखते हुए एक ही समय भोजन करती हैं। भोजन में नमक का प्रयोग नहीं किया जाता है। इस दिन घर की साफ-सफाई भी की जाती है। झाड़ू और गरमी के मौसम के लिए नई मटकी खरीदकर उसका उपयोग भी शुरु किया जाता है।

## घर के पीछे आड़ बनाकर कर रहा था अफीम की खेती, नारायणगढ़ पुलिस ने पकड़ा

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी एवं टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में दबिश देकर अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती को खोज निकाला। मौके पर टीम द्वारा कार्यवाही जारी है।

नारायणगढ थाना पुलिस के उपनिरीक्षक मनोज गर्ग ने मुखबीर सूचना पर क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में सदाराम बंजारा के घर के पीछे दबिश दी। वहां सदाराम पेड़ पौधे की आड कर उसके पीछे अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहा था। नारायण गढ थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी के मुताबिक एक आरी से कुछ कम करीब 880 फ़ीट पर अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अफीम की खेती को कब्जे में लेकर सदाराम बंजारा को हिरासत में लिया हैं। खबर लिखें जाने तक मामले में पुलिस आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 08/18 के तहत प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही कर रही थी।

## एसयूवी से डोडाचूरा की तस्करी, एक गिरफ्तार, फायरिंग की भी चर्चा..!

### कार के टायर फटे, टीआई बोले कीले डालने से फटे टायर

**पिपलिया मंडी, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** एसयूवी कार में डोडाचूरा तस्करी करते पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखबीर सूचना पर नाहरगढ़ पुलिस ने बेखेड़ा- सूरी मार्ग स्थित पुलिया पर नाकाबंदी कर बिना नम्बर की महिन्द्रा एसयूवी कार को रोकना चाहा तो ड्राइवर ने तेजगति से कार को चलाते हुए सूरी की ओर ले गया। पुलिस ने पीछा किया तो उक्त एसयूीव लोध रोड़ पर कथित रूप से पंचर मिली। तलाशी ली तो कार से तीन कट्टों में भरा 45 किलो डोडाचूरा मिला। वहीं आरोपी की तलाश शुरु की तो आरोपी सोसायटी की दिवार के आड़ में खड़ा मिला, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पीछा करने के दौरान फायरिंग किए जाने की चर्चा भी चल रही है। हालांकि, टीआई ने ऐसी किसी घटना से इंकार किया है।



पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान बांसाखेड़ी थाना अफजलपुर निवासी लक्ष्मणसिंह पिता भुवानीलाल गुर्जर होना बताई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से अवैध डोडाचूरा परिवहन के संबंध में पूछताछ जारी है।

**इनका कहना**–संदिग्ध वाहन को रोकने के लिए कीलें डाली गई थी, जिससे टायर पंक्चर होने से ब्लास्ट होकर फट गए। इसके बावजूद वह वाहन को भगाता रहा। किसी तरह की फायरिंग नहीं हुई है।

**प्रभात गौड़**
**टीआई नाहरगढ़ थाना मंदसौर**

## भोजन के बाद आधा दर्जन से ज्यादा लोग बीमार

### एक ही परिवार के सात जन हुए शिकार, छह रतलाम रेफर

**नीमच, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस। शहर के उपनगर बघाना स्थित रेगर मोहल्ले में एक ही परिवार के सात लोगों की तबीयत बिगड़ गई। इनमें से 06 लोगों को रतलाम मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है। सभी ने रात में बैंगन की सब्जी और रोटी खाई थी। इसी के बाद से तबीयत बिगड़ने लगी। पड़ोसियों ने सभी बीमारो को बड़े अस्पताल पहुंचाया।**

सूचना पर पुलिस कप्तान अंकित जायसवाल, एडीएम लक्ष्मी गामड, एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया समेत कई अधिकारी अस्पताल पहुंचे। हालत गंभीर होने के कारण बातचीत नहीं हो पाई।खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव शर्मा और बघाना थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी की टीम ने परिवार के घर पहुंचकर सब्जी, रोटी और आटे के सैंपल लिए। सैंपल को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल का कहना है कि बघाना के कैलाश रेगर के परिवार के साथ सदस्यों ने घर पर बैंगन की सब्जी बनाई थी। जिसे खाने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई, ऐसा उन्होंने बताया है। उन्हें बड़े अस्पताल लाया गया है। तबियत क्यों बिगडी है, इसकी जांच की जा रही है। एडीएम लक्ष्मी गामड़ ने कहा कि बघाना के एक परिवार के फूड पॉइजनिंग का शिकार होने की सूचना मिली थी। पुलिस और प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे हैं। फिलहाल घायलों का उपचार जारी है। डॉक्टर ही बता सकते हैं कि असल कारण क्या है। कुछ लोगों को रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## नई जनगणना के बाद का परिसीमन दक्षिणी राज्यों की साख घटा देगा..!

**मंदसौर/उज्जैन, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत की जनगणना वर्ष 2011 के बाद 2021 में होना थी, अब 2026 में होने वाली है। इसी के साथ लोकसभा सीटों का परिसीमन भी होना तय है। होने वाली जनगणना पूर्व की तरह से होगी या जैसे कि कुछ राजनीतिक दल जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, उसके आधार पर होगी, अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है। अभी यह भी तय नहीं है कि किन आधारों पर 2026 की जनगणना तय होगी। लेकिन, दक्षिण के राज्यों को अपनी वर्तमान अनुपात से होने वाली जनसंख्या जनगणना से बड़ा नुकसान होने और राज्यवार अहमियत घट जाने की चिंता अभी से सता रही है। इस नुकसान से बचने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने सभी राज्यों के राजनीतिक दलों की बैठक भी आहूत की थी।

2026 की जनगणना के बाद 08 राज्यों में लोकसभा सीटें अधिक बढ़ने वाली है 16 राज्यों में सामान्य बढ़ोतरी होगी। 12 राज्यों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी, जबकि आठ राज्यों में वर्तमान संख्या से सीटें कम हो जाएगी। अनुमानित दक्षिण के राज्यों में वर्तमान में 129 लोकसभा सीटें हैं, जो घटकर 103 रह जाएगी। जैसे तमिलनाडु में 09सीटें, केरल में 06, आंध्र प्रदेश में 05, उड़ीसा और वेस्ट बंगाल में तीन-तीन, कर्नाटक और तेलंगाना में दो-दो तथा पंजाब में एक सीट कम हो जाएगी। यह स्वाभाविक है कि जिस राज्य के सांसद अधिक होते हैं, उस राज्य का भारत सरकार पर अधिक प्रभाव रहता है। यह भी शाश्वत है कि जब केंद्रीय योजनाएं बनाई जाती है तब भी जिस राज्य के सांसद अधिक होते हैं उन्हें खासा लाभ मिल जाता है। इस तरह जैसे लोकतंत्र में जिसके प्रतिनिधियों का संख्या बल अधिक होता है, उतना ही अनुपात में उसको योजनाओं और फंड का हिस्सा मिलता है। ऐसे में देश की उत्तरोत्तर प्रगति में चाहे शिक्षा, तकनीक, संस्कृति, राजस्व और संस्कृति का क्षेत्र हो, देश के दक्षिणी राज्यों का अत्यधिक योगदान रहा है, आज भी है। बावजूद इसके 2026 की जनगणना में 26 सीटें काम होने से केंद्र में कमजोर स्थिति बन जाएगी।


चन्द्रमोहन भगत

बाकी राज्यों जैसे महाराष्ट्र में स्थिति यथावत रहेगी। जबकि, उत्तर प्रदेश में 14 से 18 सीट बढ़ जाएगी। इसी जनगणना की विषमताओं से लड़ने के लिए दक्षिण के सभी राज्यों को एक होकर संघर्ष का आव्हान दक्षिणी राज्यों के अनेक दलों के बड़े नेताओं ने 'एक्शन फॉर फेयर डीलिमिटेशन कमेटी' बनाकर किया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने दक्षिणी राज्यों के मुख्यमंत्री और सभी दलों के नेताओं को अपनी वर्तमान साख बनाए रखने के लिए एक मंच पर आमंत्रित भी किया है। स्टालिन के अलावा केरल के मुख्यमंत्री विजयन और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने भी प्रभावित होने वाले सभी राज्यों के नेताओं से एक होकर लड़ने की अपील की है ताकि दक्षिण के राज्यों का विकास जारी रहे। अन्यथा भविष्य में बिहार, उड़ीसा, पंजाब जैसे हालात हो जाएंगे।

दक्षिणी राज्यों के नेता के सीतारमैया, डीके शिवकुमार, पी चिदंबरम, स्टालिन जैसे अनेक नेताओं का कहना है कि हमने केंद्र सरकारों की योजनाओं के चलते जनसंख्या नियंत्रण पर अच्छा काम कर जनजागरण किया है। उसी का नतीजा हमारी लोकसभा सीटें कम कर हमें कमजोर किया जा रहा है। यह उल्लेख भी आवश्यक है कि 2026 की जनगणना के दौरान ही 2027 में राष्ट्रपति का चुनाव भी होना है। तब केरल के 20, तमिलनाडु के 39, कर्नाटक के 28, तेलंगाना के 17, पंजाब के 13, उड़ीसा के 21 वर्तमान में कुल 138 सांसदों की मत संख्या का बड़ा अंतर सरकार के साथ इस चुनाव को प्रभावित करने जैसी संख्या साबित हो सकती है!

# मुख्यमंत्री ने सम्राट विक्रमादित्य के धर्म ध्वज और पुस्तिका भारत का नववर्ष-विक्रम संवत् का किया विमोचन

## 30 मार्च को गुड़ी पड़वा का पर्व सम्पूर्ण प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले विक्रमादित्य ध्वज और पुस्तिका 'भारत का नव वर्ष विक्रम संवत' का विमोचन कर अपने संबोधन में कहा कि संपूर्ण प्रदेश में 30 मार्च को गुड़ी पड़वा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, मंत्रीगण गुड़ी पड़वा पर उनके जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में सहभागिता करें। विक्रम महोत्सव के अंतर्गत नई दिल्ली में 12-13-14 अप्रैल को विशेष आयोजन होने जा रहे हैं, जिसमें सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति भी होगी। सम्राट विक्रमादित्य के व्यक्तित्व और शासन व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित महान महानाट्य की प्रस्तुति प्रदेश के प्रमुख शहरों में भी की जाएगी। इसके साथ ही सेक्टर वार होने वाली इन्वेस्टर्स समिट तथा अन्य बड़े आयोजनों के



अवसर पर भी सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विमोचित पुस्तिका 'भारत का नव वर्ष विक्रम संवत' के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पुस्तिका में विक्रम संवत, काल गणना की पद्धति, प्राचीन यंत्रों, वैदिक घड़ी आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत के अंतर्गत तिथियों की महत्ता, पर्व और त्योहारों के निर्धारण तथा काल गणना पद्धति पर प्रकाश डाला।

**संभागवार औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन का क्रम जारी रहेगा-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए गतिविधियां जारी हैं। इस क्रम में 21 मार्च को ग्वालियर क्षेत्र में 18 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन किया गया। जिनमें 11 मुरैना, सात ग्वालियर और एक इकाई का भिंड में भूमि-पूजन संपन्न हुआ। इस क्रम में कल उज्जैन संभाग की 25 इकाइयों का भूमि-पूजन होने जा रहा है, जिसमें उज्जैन की 13 और संभाग के अन्य स्थानों की 12 इकाइयां शामिल हैं। संभागवार यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।

**614 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में होगी प्रदेश की 26वीं ओंकारेश्वर वाइल्ड लाइफ सैंच्युरी-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण तथा वन्य जीव संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में प्रदेश में दो अभयारण को मूर्त रूप देने के बाद राज्य सरकार वाइल्ड लाइफ सैंक्च्यूरी विकसित करने की ओर अग्रसर है। इसके अंतर्गत ओंकारेश्वर में 614 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में प्रदेश की 26वीं वाइल्ड लाइफ सैंक्च्यूरी विकसित की जा रही है। इस संपूर्ण क्षेत्र में कोई गांव अथवा बसाहट नहीं है। भविष्य में इसे टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित किया जाएगा।

**सार्वजनिक स्थलों पर हो प्याऊ की व्यवस्था-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रीष्म काल के चलते ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता की स्थिति की निरंतर समीक्षा कर आवश्यकतानुसार त्वरित रूप से उपयुक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊके साथ-साथ पशुओं के लिए भी पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कूंए, बावड़ियों, तालाबों व अन्य जल स्रोतों के बेहतर रखरखाव और जल गंगा अभियान में जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत दिवस ओलावृष्टि से 400 से अधिक गांवों में फसल नुकसान की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, फसल नुकसानी का सर्वे कर शीघ्र आपदा राहत प्रदान की जाए।

# सरपंच हितों के लिए पंचायत मंत्री से करूंगा चर्चा-सिसौदिया

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा क्षेत्र के सरपंचों के साथ पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया ने निवास स्थान पर संवाद एवं संपर्क किया।

मंदसौर। निरंतर ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि की भूमिका में निर्वाचित सरपंच का एक अलग ही महत्व है। सरपंच भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को फिर चाहे वह हितग्राही मूलक योजनाएं हो या विकास के निर्माण कार्य हो, उनको अंजाम तक पहुंचाने में एक एजेंसी के रूप में काम करता है। लेकिन सरपंचों पर अनियमितताओं सहित भ्रष्टाचार के आरोप और धारा 40 के अंतर्गत एक तरफा कार्रवाई को लेकर सरपंचों में हताशा और निराशा व्याप्त है।

इन्हीं सब स्थितियों के चलते पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने अपने निवास पर मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के सरपंचों को आमंत्रित कर उनके साथ विचार विमर्श एवं समन्वय की भूमिका कर विस्तार से चर्चा की। श्री सिसोदिया को सरपंचो ने बताया कि हम



तकनीकी इंजीनियर नहीं है, निर्माण कार्यों में तकनीकी इंजीनियरों का अपना महत्व और जिम्मेदारी है। लेकिन गुणवत्ता, अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के सारे आरोप हम निर्वाचित प्रतिनिधियों पर मढ़ दिए जाते हैं। कानूनी लड़ाई में हम जनपद पंचायत, जिला पंचायत, एसडीएम कार्यालय, एसडीएम न्यायालय, कलेक्टर न्यायालय, कमिश्नर न्यायालय और हाई कोर्ट तक हमें परेशान होना पड़ता है तथा शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से हमें जूझना पड़ता है। इसी प्रकार हितग्राही मूलक योजनाओं का चयन और उनको अंजाम तक पहुंचने में सारी जवाबदेही हम सरपंचों के इर्द-गिर्द रहती है, अगर कहीं कोई कमी खामी रह जाती है, तो उसकी कमियों-खामियों को भी हमें ही भोगना पड़ता है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष श्री नेपाल सिंह सिसोदिया, श्री गोपाल पाटीदार तथा श्री विकास सुराणा भी उपस्थित थे।

## दुर्घटना में हुई थी मौत, टेंकर ड्राइवर पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** टेंकर की टक्कर से हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 11 मार्च 2025 को नारायणगढ़ थानान्तर्गत सिंदपन बस स्टेण्ड के पास खड़ी बोलेरो (एमपी 09 टीबी 5019) को टेंकर (एमपी 41 जीए 2632) के ड्राइवर ने तेज व लापरवाहीपूर्व चलाकर टक्कर मार दी थी। बोलेरो में सवार सभी सात लोग घायल हो गए थे। इसमें गंभीर घायल संजीत निवासी मामली बी पति एहमद खां को उदयपुर रेफर किया था, जहां से अहमदाबाद ले जा रहे थे, इसी दौरान मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना के बाद टेंकर ड्राइवर के खिलाफ रविवार को केस दर्ज किया।

## शराबबंदी एवं जल संरक्षण को लेकर दिया जागरूकता का संदेश



**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मंदसौर मैं समाज कार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अंतर्गत लगने वाली क्लास के दौरान जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के मार्गदर्शन में तेलिया तालाब का एक्सपोजर विजिट कर जल संरक्षण एवं पवित्र नगर मंदसौर में शराबबंदी को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जन अभियान परिषद के मेंटर्स रूपदेव सिंह सिसोदिया ने बताया कि छात्रों द्वारा धार्मिक नगरी मंदसौर में शराबबंदी को लेकर उत्कृष्ट स्कूल से वाहन रैली के रूप में तेलिया तालाब तक पहुंचे। साथ ही तेलिया तालाब पहुंच कर वहां की व्यवस्था को समझा एवं परिसर में विजिट किया तथा विश्व जल दिवस के उपलक्ष में छात्रों ने तालाब के किनारे जल संरक्षण की शपथ ली एवं परिसर में ही जल संरक्षण एवं शराब बंदी को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के दौरान सर्वप्रथम मेंटर्स एवं छात्र ने 23 मार्च शहीद दिवस के उपलक्ष में महान क्रांतिकारियों को याद कर अपने विचार व्यक्त किये, उसके पश्चात जल संरक्षण एवं पवित्र नगर मंदसौर में शराबबंदी को लेकर संगोष्ठी आयोजित हुई जिसमें छात्र एवं मेंटर्स ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मेंटर्स रूपदेवसिंह सिसोदिया, संदीप शर्मा रघुवीर सिंह, राठौड़, अनिल सुमन, सृष्टि शर्मा एवं जन अभियान परिषद् के कम्प्यूटर ऑपरेटर दशरथ नायक की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन बंशीलाल राठौर एवं आभार अंशुमान गहलोत ने किया कार्यक्रम की रूपरेखा पशु प्रेमी ओम बड़ोदिया ने की।



# लोकहित में एक राष्ट्र एक चुनाव आज की आवश्यकता है-विधायक मारू

## एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न

**मनासा, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड मनासा द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के विद्यार्थियों, सामाजिक संस्थाओं, नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं हेतु शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा के छत्रपति शिवाजी सभागृह में एक देश एक चुनाव पर विषय पर संगोष्ठि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक श्री अनिरुद्ध माधव जी मारू, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सीमा अजय जी तिवारी, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अश्विन जी सोनी एवं मुख्य वक्ता श्री महेंद्र जी भटनागर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत उदबोधन एवं स्वागत विकासखण्ड समन्वयक श्री महेन्द्रपाल सिंह भाटी ने किया। विधायक श्री मारू ने अपने उदबोधन में कहा कि लोकहित में एक राष्ट्र एक चुनाव आज की आवश्यकता है, एक देश एक चुनाव, से चुनावी लागत में कमी आएगी, अलग-अलग समय होने वाले चुनावों से सरकार को समय, श्रम और वित्तीय लागतों की भारी कीमत चुकानी पड़ती है साथ ही जनता को भी बार-बार परेशान नहीं होना पड़ेगा। मुख्य वक्ता श्री भटनागर ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव, देश भर में जाति, धर्म और सांप्रदायिक मुद्दों को चर्चा में रखते हैं, जो सामाजिक व्यवस्था के लिए एक नकारात्मक पक्ष है, एक ही बार चुनाव से वोट प्रतिशत भी बढेगा। कार्यक्रम में नगर के समाज व संस्था के प्रतिनिधि और प्रबुद्धजन लोगों एवं पत्रकार साथियों ने एक मत होकर एक देश एक चुनाव के समर्थन में अपना समर्थन पत्र सौंपा। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष विजय शर्मा, कैलाश पुरोहित, मुकेश डांगी, मदन रावत, कार्यक्रम प्रभारी आशीष जी सारडा, समस्त् परामर्शदाता उपस्थित रहे। संचालन जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री महेंद्रपाल सिंह जी भाटी ने किया एवं आभार कार्यक्रम प्रभारी आशीष जी सारडा द्वारा किया गया।



## क्रिशा अग्रवाल एवं पार्थ पालीवाल को सुयश

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में अध्ययनरत क्रिशा नरेंद्र अग्रवाल ने कक्षा 6 टी में 86% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा सातवीं में पार्थ पिता लोकेश पालीवाल ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्रिशा अग्रवाल एवं पार्थ के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दादी, मम्मी, पापा ने मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## कलेक्टर आज जावद में जनसुनवाई करेंगे

**नीमच, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जनसामान्य की समस्याओं, शिकायतों के निराकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के कई आवेदकों का स्थानीय स्तर पर संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को जिला मुख्यालय एवं खण्ड स्तर पर आयोजित कर आवेदनों का निराकरण किया जा रहा हैं। इसी क्रम में आज 25 मार्च 2025 को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जनपद पंचायत जावद में पात 11 बजे से दोपहर एक बजे तक जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जावद क्षेत्र के ग्रामीणों, नागरिकों से जनपद सभाकक्ष जावद में 25 मार्च 2025 को प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम का लाभ उठाने का आगृह किया गया है।

# भाजपाजन और कांग्रेस परिवार भी सम्मिलित होंगे सोमयज्ञ में

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 13 से 18 अप्रैल तक श्री वल्लभाचार्य नगर कालाखेत प्रांगण में होने जा रहे श्री वाजपेय महा सोम यज्ञ के आयोजन की व्यापक तैयारियां चल रही है। आयोजन समिति द्वारा विभिन्न संगठनों संस्थाओं समाजों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। लगभग 2 हजार जोड़े सोम यज्ञ में सम्मिलित होंगे। यह यज्ञ जीवन में बड़ा ही अद्भुत सकारात्मक और चमत्कारिक परिवर्तन करता है। सोम यज्ञ का होना ही अनुपम अवसर है जिसमें बैठकर आहुति देना सौभाग्य की बात होती है। इस महान यज्ञ में अधिक से अधिक जोड़ों को यज्ञ का लाभ मिले यह प्रयास किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आयोजन समिति ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित से भेंट की उन्होंने 6 दिन के यज्ञ में एक पाली में 84 जोड़े भाजपा परिवार से बैठेंगे यह संकल्प व्यक्त किया। इसी प्रकार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व विधायक विपिन जैन से भी समिति ने मुलाकात कर सोमयज्ञ के आयोजन से अवगत कराया। विधायक श्री जैन ने भी समिति को आश्वस्त किया कि एक पूरी पाली में कांग्रेस परिवार के जोड़े सम्मिलित होंगे। उल्लेखनीय है कि सोमयज्ञ आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रतिदिन संपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, तथा सर्वश्री गौरव अग्रवाल जीतू भाई पारेख ब्रजेश जोशी, उमेश पारिख, के के बाहेती, विजय सुराणा, मानसिंह माछोपुरिया, धीरज पाटीदार, हेमंत शर्मा, प्रकाश सिसोदिया, विक्रम भटनागर, राजेश नामदेव, संजय गोठी, राजेंद्र चाष्टा, प्रद्युमन शर्मा, पं अरुण शर्मा, हेमन्त भाई शाह, विनय पारिख मातृ शक्ति महिला मण्डल अनिता दीदी के नेतृत्व में संध्या शर्मा मालती गेहलोत आशा अग्रवाल नीता चौबे, विद्या उपाध्याय, संगीता मंडोवरा रानू भावसार प्रतिदिन संपर्क में लगे हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हेमंत शर्मा ने दी।

**न्यायाधीश गणों से भी समिति ने भेंट की-** श्री सोमयज्ञ आयोजन समिति ने माननीय न्यायधीश गणों से भी सोमयज्ञ में सम्मिलित होने के लिए अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार और वरिष्ठ अभिभाषक श्री दशरथ सिंह झाला के साथ अतिरिक्त जिला ओर सत्र न्यायधीश श्री अजय कुमार सिंह से भेंट कर ओर उन्हें उस विराट यज्ञ के आयोजन से अवगत कराया ओर आमंत्रण पत्रक भेंट किए। आपके माध्यम से सभी न्यायाधीशों से अनुरोध किया गया।

## नैतिक मूल्यों की पुर्नस्थापना सबसे बड़ी चुनौती है-रातड़िया

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातड़िया ने कहा कि परिवहन विभाग के एक कर्मचारी के पास से करोड़ों की सम्पत्ति मिली, कई जनप्रतिनिधियों पर आये दिन भ्रष्टाचार के आरोप लगते है, यहां तक कि दिल्ली के एक न्यायाधीश के घर नकद नोट जलने व मिलने की खबर आई। ये सब घटनाएं घटती नैतिकता के उदाहरण है। नैतिक मूल्यों की पुर्नस्थापना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। सद्विचारों के प्रसार एवं उन पर दृढ़ आस्था से ही सदाचरण संभव है। कषायों पर विजय के लिये ज्ञान, आस्था व संकल्प जरूरी है। ज्ञान के लिए स्वाध्याय, सत्संग व सत्संगति आवश्यक है।

साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि अन्न व जल शरीर के लिये आवश्यक है। उसी प्रकार सद्विचारों की सदचरित्र के लिये आवश्यकता होती है। श्री कृष्णकुमार जोशी, श्री राजकुमार जसवंत, श्री प्रकाश कल्याणी ने विचार रखे। श्री राजेन्द्र तिवारी, नरेन्द्रपालसिंह राणावत, अभय जैन, शांतिलाल सोनी, दिनेश खत्री ने गीत भजन प्रस्तुत किये। डॉ. रवीन्द्र जोशी, श्री भेरूलाल पटेल, राजेन्द्र छाजेड़, त्रिलोचनसिंह छाबड़ा, मांगीलाल पोरवाल, राजेन्द्र शर्मा, भेरूलाल राठौर, शंकरलाल त्रिवेदी, ओमप्रकाश जायसवाल, प्रहलाद मालवीय, ने संवाद में सहभागिता की। संचालन आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन श्री सांई मंदिर के प्रबन्धक श्री निरंजन भारद्वाज ने किया।

## सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को प्रशिक्षण दिया

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** संचालनालय पेंशन भविष्य निधी एंव बीमा म.प्र. भोपाल निर्देशानुसार द्वारा आगामी 03 माह में सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का खऋच्चखड साफ्टवेयर पर पेंशन प्रकरण तैयार करने के संबंध में प्रशिक्षण ई-दक्ष केन्द्र बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर में दिया गया। प्रशिक्षण जिला पेंशन अधिकारी श्री सुरेश चंद्र पवार, सहायक पेंशन अधिकारी एनके भटनागर एवं श्री सुरेश भारती, जैकी सिंह एवं संतोष जोशी डाटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा दिया गया। 82 शासकीय सेवक एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में माह अप्रेल 2025 से जून 2025 तक सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय सेवको एंव संबंधित कार्यालय के पेंशन शाखा प्रभारी को IFMIS PENSION MOUDLES के समस्त गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

# किसानों को संकट की स्थिति में तीन महीने पहले ही चेतावनी देगा कृषि संकट सूचनांक

## सांसद गुप्ता के पूछे गए प्रश्न के जवाब में दिया कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने जवाब

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** किसानों की स्थिति को सुधारने और किसानों के विकास को लेकर केन्द्र सरकार कई कदम उठा रही है। इसी के साथ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में किसानों के लिए एक नई पहल की जानकारी साझा की है। लोकसभा में सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा पूछे एक एक प्रश्न के जवाब में केंद्रीय

कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि देशभर में किसानों के संकट को मापने के लिए अभी कोई व्यवस्थित कृषि संकट सूचकांक (एफडीआई) उपलब्ध नहीं है। हालांकि, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में 2020-21 और 2021-22 के दौरान एक पायलट अध्ययन किया गया था, जिसका नाम था- कृषि संकट और पीएम फसल बीमा योजना: वर्षा आधारित कृषि का विश्लेषण। इस अध्ययन का उदेश्य है कि एक ऐसा टूल तैयार करना, जो किसानों के संकट को पहले ही भांप सके और नीति-निर्माताओं को सही समय पर कदम उठाने में मदद करे। यह सूचकांक जलवायु परिवर्तन, कीमतों में उतार-चढ़ाव और किसानों की कमजोर आर्थिक स्थिति जैसे कई पहलुओं को ध्यान में रखता है। सूचकांक को सात प्रमुख मानकों- जोखिम, अनुकूलन क्षमता, संवेदनशीलता, शमन रणनीतियाँ, ट्रिगर, मनोवैज्ञानिक कारक और प्रभाव- के आधार पर तैयार किया गया है।

**तीन महीने पहले मिलेगी चेतावनी-** सांसद गुप्ता ने यह भी कहा कि किसानों की आर्थिक समस्याओं को दूर करने में किस प्रकार सहायता करेगा, जिसके कारण किसानों को आत्महत्या जैसा कदम भी उठाना पड़ता है। इस पर उन्होने बताया कि एफडीआई का लक्ष्य है कि यह एक अर्ली वॉर्निंग सिस्टम की तरह काम करे, जो संकट आने से तीन महीने पहले अलर्ट दे सके। यह सूचकांक न सिर्फ संकट की गंभीरता को मापेगा, बल्कि प्रभावित इलाकों की पहचान कर वहां समय पर मदद पहुंचाने में भी सहायक होगा। इसके लिए एक स्केलेबल फ्रेमवर्क भी सुझाया गया है, ताकि सरकारी सहायता सही जगह तक पहुंच सके। हालांकि, यह अभी शुरुआती चरण में है और पूरे देश में लागू करने की कोई ठोस योजना सामने नहीं आई है।

# ई ऑफिस कार्य प्रणाली में जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर

## ऑनलाइन होंगे सरकारी विभाग, जिले में 134 कर्मचारियों की बनाई गई आईडी

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** डीआईओ श्री दशपुत्र ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष से जिले के सभी सरकारी दफ्तर ई-संचालन से जुड़ जाएंगे। इसके लिए विभागों में कर्मचारियों की आईडी बनाने और प्रशिक्षण देने का काम किया जा रहा है। सभी सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों के अलावा लिपिकों की टेबलों पर भी कंप्यूटर और स्केनर लगाए जाएंगे। सभी प्रकार की फाइलें कंप्यूटर के जरिए ही इधर से इधर होंगी। ई-ऑफिस बनने से सरकार द्वारा स्टेशनरी पर जो खर्च किया जाता हैं उसकी बचत होगी।

डीआईओ श्री दशपुत्र ने बताया कि इसके लिए एनआईसी ने एकीकृत लॉगिन प्रणाली परिचय शुरू किया है। इससे सभी विभागों को जोड़ा जाएगा। इसमें सभी विभाग प्रमुख के साथ ही सभी एकीकृत लॉगिन प्रणाली से काम शुरू होने के बाद अब जिम्मेदार अपने पास फाइल नहीं रोक सकेंगे। इस सिस्टम में सब कुछ ऑनलाइन होगा। संबंधित कर्मचारी के काम पूरा करने का समय भी तय रहेगा।



यदि कोई बिना वजह फाइल रोकता है तो ऑनलाइन ही प्रदर्शित हो जाएगा कि किसके पास फाइल रुकी है और कितने दिनों से रुकी है। दरअसल फाइल में क्या कमी है और किस वजह से रोकी गई है इसका पूरा ब्यौरा ऑनलाइन ही दिखेगा।

**ई-ऑफिस के लिए कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण-** ई-ऑफिस संचालन के लिए सभी सरकारी अधिकारी कर्मचारियों की आईडी बनाई जानी हैं। अभी तक जिले में 134 की आईडी बनाई जा चुकी हैं। जिन्हें ई-दक्ष केंद्र में ई- दफ्तर संचालन को लेकर प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

**ई-ऑफिस से यह होगा फायदा-** कागजी कामकाज की प्रक्रिया में कमी आएगी। फाइलों का रिकॉर्ड अपडेट रहेगा ई-ट्रैकिंग की व्यवस्था होगी जिससे फाइल किस स्तर पर पहुंची हैं पता लगाया जा सकेगा। ई-ऑफिस की वजह से काम समयावधि में पूर्ण होगा। आम जन को बार-बार दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाना पड़ेंगे। कोई कर्मचारी छुट्टी पर गया है, सस्पेंड है या सेवानिवृत्त हुआ तो दूसरे कर्मचारी को सारी फाइलें डिजिटल रूप में मिल जाएंगी। डिजिटलीकरण होने से फाइलें और दस्तावेज गुम होने का डर नहीं रहेगा। डिजिटल ट्रैकिंग व प्रसंस्करण, कार्यों में पारदर्शिता और कुशलता लाएगा और इससे समय की बचत होगी।



## नागर ब्राह्मण महिला परिषद द्वारा फाग महोत्सव मनाया

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नागर ब्राह्मण समाज महिला परिषद मंदसौर क्षेत्र की महिला सदस्यों द्वारा हाटकेश्वर मंदिर मंदसौर पर भगवान बालकृष्ण की पूजा अर्चना एवं आरती कर फाग महोत्सव मनाया गया। फाग महोत्सव में कृष्ण का स्वरूप श्रीमती दीपिका मेहता एवं राधा का स्वरूप श्रीमती अनिता नागर ने धारण किया। इस अवसर पर ढोल की थाप के साथ होली गीत, भजनों की प्रस्तुति के साथ ही सभी ने संगीतमय नृत्य किया व एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

फाग महोत्सव में नागर महिला परिषद की प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती मुक्ति मेहता मंदसौर, जिलाध्यक्ष श्रीमती भगवती देवी नागर, श्रीमती आशा नागर प्रदेश महिला समिति सदस्य, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती कलाबेन नागर, श्रीमती रेखा नागर, श्रीमती यशीता दवे, श्रीमती मधु नागर (मेहता), श्रीमती अलका नागर, श्रीमती अर्चना दवे, श्रीमती विशाखा दवे, श्रीमती निर्मला नागर, श्रीमती सरोज बैरागी, श्रीमती ममता बैरागी आदि अन्य कई सदस्य सम्मिलित हुए। अंत में हाटकेश्वर महादेव की आरती प्रसाद वितरण एवं स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजिका एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मुक्ति मेहता द्वारा दी गई।

# अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले के संपादकों की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

**नीमच, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़ की अध्यक्षता में नीमच जिले से प्रकाशित लघु, मध्यम एवं दैनिक समाचार पत्रों के सम्पादगणों की त्रैमासिक बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में सम्पन्न हुई।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिह सिसोदिया, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय, संपादक श्री प्रेमप्रकाश जैन दैनिक मालव दर्शन नीमच, श्री कुणाल शर्मा दैनिक अमृत कुंभ नीमच, श्री भूपेन्द्र सिह गौड, दैनिक स्वर्णिम हिन्दुलस्तान नीमच, श्री राकेश सोन संपादक दैनिक नीमच टूडे नीमच, श्री अविनाश जाजपुरा सा.नीमच हेडलाईन्स, श्री वी.के.राठौर मासिक बुलंद म.प्र. मनासा उपस्थित



थे। बैठक में श्री भूपेन्द्रन सिह गौड़ एवं उपस्थित संपादकगणों ने नीमच में पत्रकार कालोनी के लिए आवासीय भूखण्ड आवंटन की लंबित नस्ती का कलेक्टंर कार्यालय से निराकरण करवाकर प्रस्तासव शासन को भिजवाने का सुझाव दिया। उन्होने राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल का एक पत्र की प्रति भी अपर कलेक्टर को प्रस्तुत कर प्रस्ता व शीघ्र भिजवाने का सुझाव दिया। बैठक में सम्पादकगणों ने जिले से नियमित रूप से प्रकाशित हो रहे समाचार पत्रों को सभी विभागों एवं संस्थाओं में रोस्टर बनाकर बारी-बारी से स्थानीय स्तर पर प्रकाशित की जाने वाली विज्ञप्ति, टेण्डर, निविदा, विज्ञापन प्रकाशन के लिए प्रदान करने की व्यवस्था करने का सुझाव दिया तथा रोस्टर का कड़ाई से पालन करवाने का भी सुझाव दिया। संपादक श्री प्रेमप्रकाश जैन ने मण्डी समितियों, नगरीय निकायों आदि से डीएवीपी से विज्ञापन के लिए अनुमोदित समाचार पत्रों को प्राथमिकता से विज्ञप्ति, विज्ञापन रोस्टर बनाकर प्रदान करने का सुझाव दिया। बैठक में सुझाव दिया गया, कि पत्रकारवार्ताओं में पत्रकारगणों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था की जाए, जिससे कि सभी उपस्थित पत्रकारणों को चर्चा करने का समूचित अवसर मिल सके। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बैठक में प्राप्त सुझावों पर समुचित कार्यवाही करने का विश्वास दिलाया। अंत में सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 38 | 2250 | 2351 |
| उड़द | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 4391 | 3400 | 4100 |
| गैहु | 14825 | 2340 | 2760 |
| चना | 625 | 5000 | 5420 |
| मसुर | 153 | 5110 | 6340 |
| धनिया | 180 | 4751 | 7980 |
| लहसुन | 20500 | 4100 | 6500 |
| मैथी | 2650 | 3000 | 5601 |
| मुंगफली | 371 | 4400 | 5180 |
| अलसी | 2025 | 5500 | 5941 |
| सरसो | 385 | 5000 | 5535 |
| तारामीरा | 6 | 4815 | 4815 |
| इसबगोल | 80 | 10500 | 12701 |
| प्याज | 3507 | 500 | 1500 |
| कलोंजी | 9 | 14700 | 17778 |
| तुलसी बीज | 1 | 12301 | 12301 |
| डॉलर | 70 | 7952 | 8381 |
| तिल्ली | 8 | 8300 | 8900 |
| जौ | 20 | 19440 | 2031 |
| मटरसुखी | 2 | 3400 | 3951 |
| असालीया | 33 | 5501 | 6341 |
| चियाबीज | 131 | 9500 | 13400 |

## संभव है टीबी का इलाज-मुख्यमंत्री



**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि टी.बी. अर्थात क्षय रोग का इलाज संभव है। संतुलित आहार, संयमित जीवन शैली और नियमित योग तथा व्यायाम से इस गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। टी.बी. से उबरने के लिए पीड़ितों की मदद करना, मानवता की सेवा है। विश्व तपेदिक (टी.बी.) दिवस सभी नागरिकों को क्षय रोग से बचाव के लिए सतर्क रहने और पीड़ित रोगियों की सहायता करने के प्रति जागरूक करता है।प्रदेशवासियों से क्षय रोग से सतर्क रहने, रोग से बचाव के संबंध में लोगों को जागरूक करने और पीड़ितों की सहायता का आह्वान किया है।

# नपा की बैठक बनी कांग्रेसियों का अखाड़ा

## आपस में भिड़े कांग्रेस पार्षद, हाथापाई भी हुई

**नीमच, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को नीमच नगर पालिका परिषद के बजट सत्र में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान कांग्रेस पार्षद आपस में भिड़ गए। पुरानी नगर पालिका स्थित सभा कक्ष में बैठक के दौरान हुए इस विवाद में अन्य पार्षदों ने बीच बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। इधर, हंगामे के बीच सत्तारूढ़ भाजपा ने बहुमत के आधार पर बजट को सभी की सहमति से पारित कर दिया। विवाद की स्थिति तब बनी जब इंदिरा नगर की पार्षद सुमित्रा मुकेश पोरवाल ने अपने वार्ड में सड़क मंजूर होने पर बजट सत्र के दौरान ही नगर पालिका अध्यक्ष का स्वागत करना चाहा। इस पर नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति ने आपत्ति जताई। उनका कहना था कि हम विपक्ष में हैं। हमें अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। स्वागत करना है तो बजट सत्र के बाद व्यक्तिगत रूप से कर लें। इस बीच कांग्रेस पार्षद हरगोविंद दीवान सुमित्रा पोरवाल का समर्थन करते हुए नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति से बहस करने लगे। कुछ देर में दोनों हाथापाई पर उतर आए।

### नेता प्रतिपक्ष ने की अपने ही पार्षद पर कार्रवाई की मांग

नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष ने हमारी एक महिला पार्षद से पूर्व नियोजित तरीके से स्वागत की योजना बना रखी थी। इस पर कांग्रेसी पार्षदों ने ऑब्जेक्शन लिया। उन्हें कहा कि परिषद में विपक्ष का काम करिए। आपके निजी रिश्ते घर जाकर निभाइए। विपक्ष को अपना काम करना है। प्रजापति ने कहा कि कांग्रेसी पार्षद बीजेपी से मिले हुए हैं। इस संबंध में अपने वरिष्ठनेता जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराऊंगा या तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें या फिर मैं इस्तीफा दे दूंगा।

### कांग्रेस पार्षद सुमित्रा मुकेश पोरवाल ने सफाई दी

कांग्रेस पार्षद सुमित्रा मुकेश पोरवाल ने इस मामले में कहा कि जीतने के बाद जनप्रतिनिधि सबका होता है। पार्षद दुर्गा लाल के वार्ड में सड़क बनाने की बात पर हमने उनका स्वागत किया था। मगर नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति जबरदस्ती झगड़ा कर रहे हैं।

# चित्तौड़गढ़ पुलिस ने 100 किलो से ज्यादा अफीम पकड़ी

**नीमच पुलिस को भी थी तलाश, स्टील के डिब्बों-बैग में भरकर ले जा रहा था मादक पदार्थ**

**नीमच, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस। समीपस्थ राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले की कनेरा थाना पुलिस ने 102 किलो 150 ग्राम अफीम पकड़ी है। मौके से तस्करी के आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी थार कार में इतनी बड़ी मात्रा में अफीम ले जा रहा था। कई सालों में यह पुलिस की बड़ी कार्रवाई है। आरोपी नीमच में भी तस्करी के मामले में वांटेड है।**

चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि चित्तौड़गढ़ अफीम उत्पादन का बहुत बड़ा क्षेत्र है। अभी खेतों से अफीम निकालने का काम भी चल रहा है। जिससे तस्कर मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय हो रहे हैं। तस्करी की रोकथाम करने और तस्करों पर लगाम कसने के लिए जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। रविवार को कनेरा थाना पुलिस कनेरा-विजयपुर रोड पर नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान थार कंपनी की बिना नंबर की एक जीपकार नाकाबंदी स्थल पहुंची। गाड़ी को रोकने पर ड्राइवर का नाम पूछा गया। आरोपी ने अपना नाम कनेरा निवासी भंवरलाल पिता गंगाराम धाकड़ बताया। संदिग्ध लगने पर गाड़ी की तलाशी ली। गाड़ी में 2 स्टील के डिब्बों और 3 बैग में 33 प्लास्टिक की थैलियों में अफीम भरी हुई मिली। इसके बारे में पूछताछ की गई तो उसके पास लाइसेंस नहीं था। अफीम का तौल कराया गया तो कुल वजन 102 किलो 150 ग्राम अफीम पाई गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अफीम और गाड़ी को जब्त कर लिया।

### लंबे समय बाद हुई इतनी बड़ी कार्रवाई...

पुलिस कप्तान श्री जोशी ने बताया कि अफीम तस्करी में पिछले लंबे समय बाद इतनी बड़ी खेप पकड़ी गई है। इस समय इतनी बड़ी मात्रा में अफीम का पाया जाना बड़ी बात है। इसलिए पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। हालांकि पूछताछ में फिलहाल आरोपी ने ज्यादा कुछ बताया नहीं है। गिरफ्तार आरोपी नीमच जिले के जावद थाने में तस्करी में वांछित चल रहा है।



# विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जनजागृति रैली सम्पन्न

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुवे बताया कि 24 मार्च, सोमवार को विश्व क्षय (टीबी रोग) दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर जनजागृति रैली का आयोजन किया गया। रैली के द्वारा टीबी रोग के रोकथाम, बचाव, उपचार संबंधी प्रचार-प्रसार किया गया।**

उल्लेखनीय है कि, प्रतिवर्ष दिनांक 24 मार्च को विश्व क्षय (टीबी रोग) दिवस मनाया जाता है। रॉबर्ट कोच ने सबसे पहले जान लेवा बीमारी टीबी के बेक्टिरिया का पता लगाया था। 139 साल पहले 1882 में आज ही के दिन टीबी की बीमारी के लिये जिम्मेदार बेक्टिरिया माईकोबेकटेरियम की खोज की एवं रॉबर्ट कोच को 1905 में इसके लिये नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके पहले टीबी को असाध्य बीमारी के रूप में जाना था। रॉबर्ट कोच के सम्मान में टीबी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये प्रतिवर्श 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस मनाया जाता है। दुनिया के 27 प्रतिशत टीबी के मरीज भारत में पाये जाते हैं और दो तिहाई टीबी केसेस सिर्फ आठ देशों (भारत, इण्डोनेशिया, चाईना, फिलिपिंस, पाकिस्तान, नाईजिरिया, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश) में पाये जाते हैं। सबसे राहत की बात यह है कि टीबी का ईलाज पूर्णत: नि:शुल्क एवं उपचार योग्य बीमारी है। आमतौर पर पन्द्रह दिन की खासी, पन्द्रह दिन का बुखार, बलगम में खुन आना, छाती में दर्द, वजन कम होना आदि संभावित टीबी के लक्षण होते हैं। सामान्यत: टीबी फेफडों में पाई जाती है परंतु बाल और नाखुन के अलावा शरीर के किसी भी हिस्से अथवा अंग में टीबी की बीमारी हो सकती है। समय पर सही ईलाज नहीं लेने पर यह जानलेवा रोग हो सकता है। एक अनुउपचारित क्षय रोगी एक वर्ष में पन्द्रह स्वस्थ्य लोगों को टीबी से ग्रसित कर सकता है।

# आगामी 14 अप्रैल से फिर बजेगी शहनाइयां, शुभ विवाह के लिए बन रहे हैं 30 से भी अधिक मुहूर्त

**नई दिल्ली, 24 मार्च।** 14 मार्च 2025 से खरमास की शुरुआत हो चुकी है, जो 13 अप्रैल 2025 तक रहने वाला है। हिंदू धर्म में इस समय को बेहद खास और महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि खरमास सूर्य उपासना के लिए शुभ है। परंतु इस अवधि को शुभ मांगलिक कार्यों के लिए अशुभ माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक जब भी सूर्यदेव धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं, तो खरमास लगता है। यह समय पूरे साल में दो बार आता है, जो एक माह तक बना रहता है।

दरअसल, सूर्य देव गुरु बृहस्पति के घर जाते ही अपने तेज को कम कर लेते हैं, इसलिए खरमास में सूर्य की स्थिति कमजोर हो जाती है। सूर्य की स्थिति कमजोर होने के कारण घरों में शादी-विवाह, खरीदारी, सगाई, मुंडन, यात्राएं व जनेऊजैसे कार्यों को करने की मनाही होती हैं। ऐसे में 13 अप्रैल को खरमास समाप्त हो रहा है। इसके समापन के बाद 14 अप्रैल से विवाह के कई शुभ योग बन रहे हैं, जो शादी-विवाह के लिए उत्तम है।

**ये हैं विवाह के शुभ मुहूर्त- अप्रैल विवाह मुहूर्त 2025-**अप्रैल 14,



2025, सोमवार, अप्रैल 16, 2025, बुधवार, अप्रैल 17, 2025, बृहस्पतिवार, अप्रैल 18, 2025, शुक्रवार, अप्रैल 19, 2025, शनिवार, अप्रैल 20, 2025, रविवार, अप्रैल 21, 2025, सोमवार, अप्रैल 25, 2025, शुक्रवार अप्रैल 29, 2025, मंगलवार, अप्रैल 30, 2025, बुधवार , मई 1, 2025, बृहस्पतिवार, मई 5, 2025, सोमवार, मई 6, 2025, मंगलवार, मई 8, 2025, बृहस्पतिवार, मई 10, 2025, शनिवार , मई 14, 2025, बुधवार, मई 15, 2025, बृहस्पतिवार, मई 16, 2025, शुक्रवार, मई 17, 2025, शनिवार, मई 18, 2025, रविवार, मई 22, 2025, बृहस्पतिवार, मई 23, 2025, शुक्रवार, मई 24, 2025, शनिवार, मई 27, 2025, मंगलवार, मई 28, 2025, बुधवार, जून 2, 2025, सोमवार, जून 4, 2025, बुधवार, जून 5, 2025, बृहस्पतिवार, जून 7, 2025, शनिवार , जून 8, 2025, रविवार। जुलाई ,अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में विवाह के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं है।

**नवंबर विवाह मुहूर्त 2025-** नवंबर 2, 2025, रविवार-नवंबर 3, 2025, सोमवार ,नवंबर 6, 2025, बृहस्पतिवार , नवंबर 8, 2025, शनिवार, नवंबर 12, 2025, बुधवार, नवंबर 13, 2025, बृहस्पतिवार, नवंबर 16, 2025, रविवार, नवंबर 17, 2025, सोमवार, नवंबर 18, 2025, मंगलवार, नवंबर 21, 2025, शुक्रवार, नवंबर 22, 2025, शनिवार, नवंबर 23, 2025, रविवार, नवंबर 25, 2025, मंगलवार, नवंबर 30, 2025, रविवार , दिसंबर विवाह मुहूर्त 2025 दिसंबर 4, 2025, बृहस्पतिवारए दिसंबर 5, 2025, शुक्रवार एव दिसंबर 6, 2025, शनिवार।



# बेटी के सम्मान में, सर्व समाज मैदान में

**मनासा/रामपुरा, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सर्व समाज के आव्हान पर रामपुरा की बेटी के साथ हुई घटना के विरोध में आयोजित नगर बंद ओर रैली के समर्थन में रामपुरा पहुंचकर सेन समाज संगठन द्वारा समर्थन दिया ओर प्रशासन से निष्पक्ष जांच ओर अपराधियों को कठोर दंड की मांग की..!

इस समय रामपुरा तहसील अध्यक्ष मंगल जी परमार एवं युवा अध्यक्ष मंगल जी तंवर भदाना, मनासा तहसील अध्यक्ष हिम्मत रामबाबू जी परमार, युवा अध्यक्ष राकेश सेन ननोर, दशरथ जी बनभैरव मनासा, दिनेश जी राठौर मनासा कनावटी वाले, दिनेश जी टांकवाल, बबलू जी कमठोरा, प्रहलाद जी कड़ी खुर्द, मनोहर जी ढाकनी ललित जी खींची मनासा, शिवनारायण सेन चुकनी, रमेश जी सेन रामपुरा , कैलाश जी राठौड़ रामपुरा,इत्यादि समाजजन मौजूद रहे। रामपुरा की बेटी के गुनहगारों को फांसी दो...! समाज में बढ़ते घोर निंदनीय कृत्य,,दरिंदगी, हैवानियत सोच पर अंकुश लगाने हेतु जनजागृति जरूरी है।

# पुलिस विभाग के साथ तीन दिवसीय ध्यान सत्र का आयोजन सम्पन्न



**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस। पूरे मध्य प्रदेश में ध्यान सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। ध्यान सत्रों कि श्रखला में मंदसौर जिले में मध्य प्रदेश पुलिस एवम हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वधान में तीन दिवसीय ध्यान सत्र का आयोजन पुलिसअधीक्षक श्री अभिषेक आनंद के मार्गदर्शन में किया गया।**

मंदसौर पुलिस विभाग से पुलिसअधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, एडिशनल एसपी श्री गोतमसिंह सोलंकी, रक्षित निरीक्षक श्री दिनेश बैन, अन्य पुलिस अधिकारी और उनके परिवार जन मौजूद थे। सभी ने रिलेक्सेशन के माध्यम से तनाव मुक्त होना और ध्यान का अनुभव किया। डॉक्टर नीलेश नगाइच ने वैज्ञानिक तथ्यो के साथ मनुष्य के व्यक्तिगत,मानसिक व आद्यात्मिक विकास में ध्यान फायदे व विधि के बारे में बताया ।प्रशिक्षक श्री सुबोध शर्मा ने रिलेक्सेशन की विधि और प्रार्थना इसके पीछे छुपे विज्ञान पर द्वारा गहराई से प्रकाश डाला ।प्रशिक्षक रश्मि शर्मा,प्रशिक्षक श्री दीपेंद्र सोनी द्वारा ध्यान करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी पुलिस विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियो, समस्त थानों के अधिकारियो व समस्त स्टाप ने अपने अनुभव साझा किये कि वे अपने आप को तनाव मुक्त और शांत महसुस कर रहे हैं, पुलिसकर्मियों के परिवार और बच्चों के लिए भी आगे इस तरह के कार्यक्रम आयोजन किये जाने चाहिए।हार्टफुलनेस संस्था की ओर से डॉ. आकांक्षा त्यागी, संजू शर्मा, रेखा शर्मा,श्री राज नारायण भटनागर,श्री सुरेश पामेचा, श्री अवधेश दीक्षित,श्री विशाल शर्मा उपस्थित थे।

# एरो का न गैरो का, बजरंगदल है शेरों का-बुलचंदानी

**विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का आयोजन आज संजीत में**

**संजीत, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जब कभी भी हिन्दू समाज में बहन बेटियां लव जिहाद का शिकार हो जाती हैं तो सब से पहले बजरंगदल के कार्यकर्ता बहनों को जिहाद के जंजाल से बाहर निकलता हे , जब कभी गो तस्करी होती हे तो बजरंगदल का कार्यकर्ता रात ओर दिन में गो माता की रक्षा के लिए खड़ा रहता है और गो तस्करों से गो माता को मुक्त करवा कर उन्हें गो शाला भेजता है, जब कभी मठ मंदिर को सुरक्षा की बात आती है तो विधर्मियो से लोहा लेने के लिए कार्यकर्ता खड़ा रहता हे सेवा, सुरक्षा, संस्कार है बजरंगदल, हेमन्त बुलचंदानी के उद्बोधन के बाद जिला



संयोजक अनिल धनगर नेआगामी 29 मार्च को इंदौर में आयोजित होने वाले शौर्य महाकुंभ को लेकर जानकारी दी। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा आज ग्राम संजीत- फोसरी में त्रिशूल दिक्षा व कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया जिसमें 151 बजरंगियों ने त्रिशूल दीक्षा ली आयोजन में जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी, जिला संयोजक अनिल धनगर, जिला सुरक्षा प्रमुख शंकर शर्मा , जिला विद्यार्थी प्रमुख गोपाल कुमावत टांक, जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख यशवंत पाटीदार , नाहरगढ़ प्रखंड मंत्री बंटी व्यास , प्रखंड सत्संग प्रमुख महेश सेन, प्रखंड सहमंत्री सुभाष शर्मा , प्रखंड सुरक्षा प्रमुख यशवंत डांगी, प्रखंड सह सुरक्षा प्रमुख राकेश मौर्य, खंड अध्यक्ष जीवन राठौर , खंड मंत्री विकास सेन, सहित बड़ी संख्या में विहिप बजरंग दल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित....!

# कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को लेकर सांसद गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रश्नकाल के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने प्रश्न करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को वर्तमान वर्ष के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर में वृद्धि करने का अनुरोध प्राप्त हुआ है और इस संबंध में ईपीएफओ की क्या प्रतिक्रिया है। ईपीएफओ के पास पर्याप्त कायिक निधि मौजूद है और इस निधि के विविधीकरण के माध्यम से अच्छी आय होती है। उन्होंने कहा कि एक वर्ष के लिए ईपीएफओ हेतु ब्याज की गणना करने के लिए सरकार द्वारा क्या मानदंड/प्रक्रिया अपनाई गई है और ईपीएफओ निधि से किए गए निवेश को पारदर्शी और सुलभ बनाने तथा देश भर के सभी ईपीएफओ खाताधारकों को इसका लाभ पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए है।

प्रश्न के जवाब में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री सुश्री शोभा कारान्दलाजे ने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के पैराग्राफ 60 के उप-पैरा (1) में उल्लिखित उपबंधों के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दर पर प्रत्येक सदस्य के खाते में ब्याज जमा करना आवश्यक होता है। उन्होंने ईपीएफओ के पास पर्याप्त निवेश कोष है और निवेश भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा अधिसूचित निवेश पैटर्न तथा ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है। निवेश पैटर्न में 21 से अधिक प्रकार के विलेख शामिल हैं जिससे ईपीएफओ को विविधीकरण



की सुविधा रहती है। ब्याज दर की गणना सदस्य खातों में अनुमानित मूलधन और विभिन्न विलेखों जैसे सरकारी प्रतिभूतियों, ऋण विलेखों, इक्विटी आदि से अनुमानित आय को ध्यान में रखकर की जाती है। ईपीएफओ वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से निधि से संबंधित सभी आंकड़ों को वार्षिक आधार पर प्रकाशित करता है। निवेश की परिपक्वता और निवेश के समापन शेष के साथ-साथ श्रेणी-वार विवरण ईपीएफओ के वार्षिक लेखाओं में प्रकाशित किया जाता है।

### मप्र के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन...

# रुबीना फ्रांसिस और भरत रावत ने जीते रजत पदक

**मंदसौर, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अपने नाम किए। प्रदेश के खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने इन उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता प्रदेश के पैरा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। मध्यप्रदेश की स्टार पैरा शूटर रुबीना फ्रांसिस ने 10 मीटर एयर पिस्टल वीमेन एक- 1 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। रुबीना अपनी सटीक निशानेबाजी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। एथलीट भरत रावत ने एफ-33 कैटेगरी की भाला फेंक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। उनकी इस उपलब्धि ने प्रदेश को गर्व महसूस कराया है। खेल मंत्री श्री सारंग ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह मध्यप्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। हमारे पैरा एथलीटों ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है और आगे भी उनके उज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन से प्रदेश में पैरा स्पोर्ट्स को और मजबूती मिलेगी और युवा एथलीटों को प्रेरणा मिलेगी।

# सभी उपभोक्ता अपना ई-केवायसी करवाएं

**नीमच, 24 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले के समस्त राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को सूचित किया गया है, कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार एक अप्रैल 2025 से स्मार्ट पीडीएस योजना लागू करने के लिए सभी हितग्राहियों की ईकेवायसी अनिवार्य है। इसके लिए अभियान चलाया जाकर ईकेवायसी कार्य किया जा रहा है। नीमच जिले में कुल पात्र हितग्राही सदस्यों 5 लाख 96 हजार 425 में से 4 लाख 58 हजार 984 सदस्यों की ईकेवायसी पूर्ण हो गई हैं परन्तु अभी भी लगभग 1 लाख 37 हजार 441 हितग्राहियों की ईकेवायसी होना शेष है। जिला आपूर्ति अधिकारी नीमच ने बताया, कि अत: जिन हितग्राहियों ने अभी तक ईकेवायसी नहीं करवाई गई हैं वे 31 मार्च 2025 तक अपनी नजदीकी उचित मूल्य दुकान पर अपना एवं अपने परिवारों के शेष सदस्यों के साथ आधार कार्ड एवं समग्र आईडी लेकर ईकेवायसी कार्य पूर्ण करवाए अन्यथा ईकेवायसी नहीं होने की दशा में एक अप्रैल 2025 से राशन प्राप्त करने में समस्याओं का सामना करना पड सकता है।


**✻ उठावना ✻**

हरिनंदन, श्यामलाल, सुरेशचन्द्र बोराना के छोटे भाई, डॉ. राजेश (कोरोना योद्धा), पंकज बोराना के पूज्य पिताजी एवं आदित्य, रुद्र के दादाजी डॉ. श्री महेशचंद्र जी बोराना का देवलोकगमन दिनांक 22 मार्च 2025 को हो गया है, जिनका उठावना आज दिनांक 25 मार्च 2025 मंगलवार को दोपहर 1 बजे निज निवास शिक्षक कॉलोनी पिपलियामंडी तह. मल्हारगढ़ जिला मंदसौर पर रखा गया है।



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**बोराना परिवार**
**पिपलियामंडी, नारायणगढ़**

**✻ उठावना ✻**

हमारे फूफाजी श्री मदनलाल सोलंकी (संजीत) का निधन 23 मार्च को हो गया है। उठावना 25 मार्च को प्रात: 9.30 बजे हमारे निवास एमपी पब्लिक स्कूल के साइड गेट के सामने वाले रोड पर पिपलियामंडी पर रखा है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**भगवतीप्रसाद गेहलोत, हरिप्रसाद गेहलोत, पिपलिया स्टेशन**

**✻ सूचना ✻**

**यह ज्ञात हो कि मेरा जीएसटी में फर्म दिलीपसिंह तंवर ग्राम बरड़िया पूना के नाम से रजिस्टर्ड है। व्यवसाय कंस्ट्रक्शन का है। इसे अब जय मां भवानी कंस्ट्रक्शन के नाम से जाना जाए।**

**✻ सूचना ✻**

**मैं नितेश सतीदासानी मेरी फर्म जो की पूर्व में शू मार्ट कालाखेत मंदसौर के नाम से संचालित थी जो अब से निष्ठा ट्रेडिंग कंपनी के नाम से जानी जाएगी।**

**✻✻✻ भवदीय ✻✻✻**
**नितेश सतीदासानी**
**मंदसौर मप्र**

**Nikhil Ch. Pramanik**
B.Com, L.L.B. (Hons.) ADVOCATE
Mail ID: nikhil. pramanik@gmail.com
Office: 20/1, 1 Floor, Sikh Mohalla, 102, Jr. MIG (Chhoti Bhamori), Opp. Anop Talkies, INDORE (MP)
Mob.: 93292 77315, 9329221355

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

**आवासीय मकान ग्राम टकरावद प.ह.नं. 58 तहसील मल्हारगढ़, जिला मन्दसौर (म.प्र) के संबंध में**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार चोलामण्डलम इनवेस्टमेण्ट एण्ड फायनेन्स कम्पनी लि., इन्दौर में श्री राजुलाल पिता श्री रामेश्वर लौहार और श्रीमती शांतिबाई पति राजुलाल लौहार दोनो निवासी मकान नं. 517 वार्ड नं. 17 लौहार मौहल्ला ग्राम टकरावद तहसील मल्हारगढ जिला मंदसौर ने उक्त सम्पत्ति की प्रतिभूति पर मेसर्स - न्यु टकरावदवाला एण्ड कम्पनी के नाम से ऋण सुविधा प्रदत्त करने का अनुरोध किया है।**

**श्री राजुलाल लौहार ने पंजीकृत सह-स्वामित्व लेख ई-पंजीयन क्रमांक एम.पी. 249402021ए1675275, दिनांक 09-08-2021 के द्वारा अपनी पत्नि श्रीमती शांतिबाई लौहार को उक्त सम्पत्ति में बराबर की हिस्सेदारी दी है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में इस सह-स्वामित्व लेख के अतिरिक्त राजुलाल लौहार के पक्ष में अपने स्वामित्व एवं मालिकाना हक के एवं इसके पूर्व के भी अन्य कोई भी पंजीकृत दस्तावेज नहीं है।**

**अतएव उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, कंपनी आदि को किसी प्रकार की आपत्ति, हक, स्वत्व, विक्रय, दान, बंधक, अनुबंध, भार-बोझ आदि हो तो इस सूचना की प्राप्ति से 3 तीन दिन के अन्दर लिखित में मुझे सूचित करें अन्यथा अवधि पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त संपत्ति की प्रतिभूति पर ऋण सुविधा प्रदत्त कर दिया जायेगा एवं किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।**

**निखिल चन्द्र प्रामाणिक, एडवोकेट**
**20/1सिक्ख मोहल्ला, इन्दौर**

**✻✻ नाम परिवर्तन ✻✻**

**नाम - हर्षदीप चनाल पिता - मुकेश चनाल आयु :-38 वर्ष**
**धंधा :- शासकीय नौकरी पुलिस विभाग**
**निवासी: म.न. 37 वार्ड क्रमांक 04 लक्ष्मी नगर मंदसौर आ.का.क्रं. 5535 0604 5980**

**1 मै सशपथ कथन करता हूँ कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का निवासी होकर पूर्व में मेरा पता शिव भवन देहली गेट मंदसौर था तथा अब वर्तमान में पता म.न. 37 वार्ड क्रमांक 04 लक्ष्मी नगर मंदसौर पर निवास कर रहा हूँ व यही मेरा सही पता है तथा इसी प्रकार मेरे नाम के ड्रायविंग लायसेंस में मेरी जन्म दिनांक 20/04/1985 दर्ज है जब कि मेरी सही व वास्तविक जन्म दिनांक शैक्षणिक रेकार्ड व आधार कार्ड अनुसार मेरी जन्म दिनांक 20/10/1986 है जो सत्य व सही है।**

**2 मैं सशपथ कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता के नाम के ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम हर्षदीप चनाल पिता मुकेश कुमार दर्ज है जब कि मेरे अन्य सभी दस्तावेंजो में मेरा नाम हर्षदीप चनाल पिता मुकेश चनाल दर्ज है इसलिए उक्त सही नाम हर्षदीप चनाल पिता मुकेश चनाल दर्ज किए जाने व पढ़ा जावें।**

**दिनांक-24/03/2025**
**स्थान-मंदसौर**

**भवदीय**
**हर्षदीप चनाल पिता मुकेश चनाल**
**पता-म.नं. 37, वार्ड नं.4, लक्ष्मी नगर मंदसौर**

**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**
कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com
क्रमांक 137/2025 दिनांक 24.03.2025

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

**सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा किशोर पिता रायसिंह, निवासी ग्राम-पिपलखुंटा, तहसील व जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान जो आबादी सर्वे क्रमांक 386, भवन पंजी क्र. 14, वार्ड नं. 07, पटवारी हल्का नं. 00101, पर दर्ज होकर, पता-ग्राम-पिपलखुंटा, तहसील व जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. MP15IGR17852025A100162776, दिनांक 21.03.2025 से मेरे पक्षकार गंगाबाई पति किशोर, निवासी ग्राम-पिपलखूंटा, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है:-**

**पूर्व में-आम रास्ता, पश्चिम में-राधाबाई का खेत और मकान, उत्तर में-भगतसिंह का मकान, दक्षिण में-वरदीचन्द्र की खुली भूमि, पैमाईश रकबा 4800 वर्ग फीट या 445.93 वर्गमीटर**

**उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।**

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in